न्यूज 12 भारत
डिजिटल मीडिया
सच्ची बात
Website : www.news12bharat.com





संस्करण : धनबाद | मंगलवार 16 अप्रैल 2024 | Reg. DL 020009956 | E-mail : www.news12bharat@gmail.com | पृष्ठ : 2 | मूल्य : 3 रुपया


# नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर देश की जनता को है पूरा भरोसा : बाबूलाल मरांडी

(न्यूज12 भारत)

रांची | भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि बीजेपी द्वारा जारी संकल्प पत्र केवल पार्टी का नहीं बल्कि यह देशवासियों को संकल्प पत्र है। पूरे देश ने माना है कि मोदी की गारंटी, गारंटी को पूरा करने की गारंटी है। देश की जनता स्वीकार करती है कि नरेन्द्र मोदी और भाजपा जो कहती है उसे पूरा करती है। बात यहां विश्वसनीयता की है। मोदी जी ने जो कहा, सो किया। देश में विपक्षी पाटियां पूरी तरह अविश्वसनीय हो चुकी हैं। मोदी की गारंटी पर जनता को पूरा भरोसा है। संकल्प पत्र के लिए 15 लाख लोगों का सुझाव पूरे देश से आया जिसमें नमो एप से 4 लाख और 10 लाख लोगों ने वीडियो बनाकर सुझाव देने का काम किया। यह अपने आप में बड़ी बात है। श्री मरांडी मारू टावर में प्रदेश स्तरीय मीडिया सेंटर में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। श्री मरांडी ने कहा कि जनसंघ काल से लेकर जो मुद्दे भाजपा ने उठाया, आज जब अवसर मिला तो उन सभी मुद्दों को पार्टी ने पूरा करने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असंभव कार्य को संभव कर दिखाया है। इसमें काश्मीर से 370 समाप्त करना, राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करना मुख्य रूप से शामिल है। देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प मोदी जी ने लिया है। 2014 से 2019 और 2019 से 2024 यानि दो कार्यकाल के 10 वर्षो में मोदी ने देश व गरीबों के उत्थान के लिए जो काम किया है वह उल्लेखनीय और कल्पना से परे है। कोरोना काल में देश की हालत को याद कीजीए लगता था क्या होगा। 80 करोड़ लोगों को उस समय से 5 किलो अनाज उपलब्ध कराना कोई साधारण बात नहीं है। कोई भी गरीब भूखा नहीं सोएगा, यह मोदी की गारंटी है। संकल्प पत्र में गरीबों को मिलने वाली अनाज को अगले 5 साल मिलने की भी बात कही गई है।




- संकल्प पत्र केवल भाजपा का नहीं बल्कि यह देशवासियों का संकल्प पत्र
- देश में विपक्षी पाटियां पूरी तरह हो गई हैं अविश्वसनीय, मोदी जी ने जो कहा, सो किया
- जनसंघ काल से जो मुद्दे भाजपा ने उठाया, जब अवसर मिला तो सभी मुद्दों को पार्टी ने किया पूरा
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असंभव कार्य को संभव कर दिखाया

## एक नजर

### अफीम क़े व्यवसायी क़े घर मिला अवैध हथियार, हुआ गिरफ्तार

(न्यूज12 भारत)

मांडर | अवैध रुप से अफीम बिक्री की गुप्त सूचना पाकर मुड़मा निवासी विजय कुमार बॉबी को मांडर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। खलारी डीएसपी आर क़े चौधरी क़े नेतृत्व में छापामारी किया गया जिसमें विजय कुमार बॉबी क़े घर से एक देशी पिस्टल, दो ज़िंदा गोली और चार फायर किया हुआ गोली का खोखा बरामद किया गया। विजय कुमार बॉबी पिता भोला साहू को पिछले वर्ष हरियाणा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भी भेजा था। छापामारी दल में थाना प्रभारी राहुल, रंजीत किशोर, प्रेम शंकर दूबे, कृष्णा राम तथा अंशु यादव शामिल थे।

### हनुमान मंदिर निर्माण हेतू भूमि पूजन का आयोजन किया गया



(न्यूज12 भारत)

खरसावां | खरसावां प्रखंड के बुरुडीह पंचायत अंतर्गत बेगनाडीह गांव में सनातन दल अखाड़ा समिति के द्वारा हनुमान मंदिर निर्माण हेतू भूमि पूजन का आयोजन किया गया। देवशीष नायक ने कहा कि वर्षों से मनोकामना थी की गांव में एक बजरंगबली मंदिर का निर्माण हो जिसका आज भूमि पूजन करके नीव रखा गया एवं पूजा आरंभ की गई। इसमें मुख्य रूप से सनातन दल के संस्थापक देवाशीष नायक,सह संस्थापक कपिलदेव महतो,अध्यक्ष रासबिहारी मंडल,गणेश नायक,राजेश मुखी,दीपक मंडल,मनोहर तांती, विश्वनाथ नायक,ऋषि दास इत्यादि उपस्थित थे।

### माकपा का बलियापुर शाखा की ओर से डा. अंबेडकर की जयंती पर पलानी में विचार गोष्ठी की गई



(न्यूज12 भारत)

बलियापुर | विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सीपीआई(एम) के वरिष्ठ नेता संतोष कुमार महतो ने कहा कि आज संविधान में दिए गए अधिकारों पर शासक वर्ग द्वारा लगातार कटौती किया जा रहा है, डा. अंबेडकर का जो सपना था, उसको मौजूदा केंद्र सरकार ने धूमिल करने का प्रयास कर रही है। आज भी जात पात और धर्म के नाम पर दंगे हो रहे हैं। जबतक शोषण विहीन समाज व्यवस्था नहीं हो जाता तब तक डा. अंबेडकर के सपनों को पूरा नहीं किया जा सकता हैं। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता निताई रवानी ने किया तथा गोष्ठी को सिंदरी बलियापुर लोकल कमिटी के सचिव, विकास कुमार ठाकुर, गौतम प्रसाद, सूर्य कुमार सिंह, बलियापुर शाखा सचिव समीरन बिद, सुबल मल्लिक, उपासी महताइन, मालती देवी, हिमानी देवी, पूर्णिमा देवी आदि ने संबोधित किया।

### सरस्वती विद्या मंदिर में कन्याभारती गठन के लिए मतदान कराया गया



(न्यूज12 भारत)

सिंदरी | सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में डॉ भास्कर झा (प्रभारी सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी) के नेतृत्व में संवैधानिक तरीके से शिशुभारती, बाल भारती ,किशोर भारती और कन्याभारती गठन के लिए मतदान कराया गया। जिसमें कक्षा तृतीय से द्वादश के भैया बहनों ने भाग लिया। भास्कर झा ने कहा राष्ट्र के लिए मतदान जिस प्रकार सर्वश्रेष्ठ धर्म है ,उसी प्रकार बाल संसद को सुचारू रूप से गठित करने और क्रियावयान के लिए भैया बहनों का मतदान में भाग लेना। जिससे बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। वोट के माध्यम से भैया बहनों को लोकतंत्र में वोट के महत्व एवं संसदीय लोकतंत्र के कार्य करने की विधियों की जानकारी प्राप्त हुई ।इस अवसर पर नरेश जी संध्या मिश्रा बर्नाली बनर्जी के साथ पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

(न्यूज12 भारत)



सरिया |सरिया कॉलेज सरिया में मतदाता साक्षरता क्लब के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ संतोष कुमार लाल ने की । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे सरिया के अंचलाधिकारी संतोष कुमार उपस्थित थे।उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार है ।अपने मताधिकार का उपयोग एक अच्छे प्रत्याशी को चुनने के लिए जरूर करें। जिन विद्यार्थियों का अब तक मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं हो सका है, वे अपने निकटवर्ती बी एल ओ से संपर्क कर अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने कहा निर्वाचन आयोग मतदान प्रतिशत 80% से ऊपर कराना लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बिना प्रलोभन के योग्य प्रतिनिधि का चुनाव करें, तभी देश का कल्याण होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा की जागरूक नागरिक होना लोकतंत्र की सफलता के लिए आवश्यक है। सतत जागरूकता ही लोकतंत्र रूपी भवन की नई को मजबूत बनाता है।जागरूकता कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं के द्वारा पेंटिंग कार्यक्रम आयोजित कर प्रोत्साहित करने का आह्वान किया गया।कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान के विभाग अध्यक्ष प्रो अरुण कुमार की जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रो आशीष कुमार सिंह ने की। इस मौके पर प्राचार्य डॉ संतोष कुमार लाल,प्रो चायरा निशा इंद समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बाबा साहेब की जयंती पर जारंगडीह में संवेदकों ने भी श्रद्धासुमन के फूल चढ़ाए

(न्यूज12 भारत)



बेरमो | अतिथिगृह जारंगडीह में नवगठित संवेदकों की समिति द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबडेकर जी की जयंती पर श्रद्धासुमन के फूल चढ़ाने का कार्य हुआ। इसके बाद संवेदक समिति के सचिव इस्लाम अंसारी द्वारा ईद की सेवइयां खिलाने का कार्य हुआ। यहां समिति के संरक्षक जोगेंद्र सिंह ने कहा कि आजादी की लड़ाई से लेकर देश के संविधान के निर्माण में बाबा साहब की जो महत्वपूर्ण भूमिका रही है, इसी का प्रतिफल है कि समाज में समरसता और सामाजिक न्याय का फलने फूलने का कार्य हुआ है। यहां क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार सिंह ने कहा कि जिस दौर में अधिकतर लोग को दो जून की रोटी नसीब नही हो पाती थी। समाज पूरी तरह वर्गो के विभाजन का दंश झेल रहा था। छुआ छूत, ऊंच-नीच का मकड़जाल फैला हुआ था। उस दौर में बाबा साहब ने सभी संझावतो से जूझते हुए न सिर्फ कानून की पढ़ाई और उच्च शिक्षा हासिल की। बल्कि आजादी के लड़ाई में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस देश जैसे ही उनको देश का संविधान लिखने के लिए भूमिका मिली। बाद की पीढियां कोई कुरीति का दंश नही झेले, सामाजिक दुर्गाव की कोई भावना नही हो, समाज एकसूत्र में बंधकर राष्ट्र को सबल बनाने का कार्य करें। इसके मद्देनजर उन्होंने पूरी खाका तैयार संविधान में कर दी। यहां संवेदक समिति के सदस्यों द्वारा बाबा साहब के चित्र पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धासुमन अर्पित करने का कार्य हुआ। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अनिल सिंह द्वारा की गई। वही संचालन का कार्य सचिव इस्लाम अंसारी ने किया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक जोगेंद्र सिंह, कथारा क्षेत्र के सचिव विजय कुमार सिंह, अध्यक्ष अनिल सिंह, सचिव इस्लाम अंसारी, उप सचिव रामा शंकर मंडल, सुरेंद्र सिंह, नितेश गुप्ता, कैलाश चौहान, नितिन कुमार, मुकेश कुमार, गौतम राम, ललित रजक, मो आजाद, मो हुसैन, कैलाश आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति, भुताहा तालाब पूजा पंडाल का भव्य उद्घाटन किया गया

(न्यूज12 भारत)



रांची | श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भव्य उद्घाटन के बाद पूजा पंडाल का पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया, महासप्तमी तिथि में बेलवरण पूजा एवं नव पत्रिका प्रवेश सुबह 10:00 बजे किया गया। अयोध्या श्री राम जन्मभूमि को समर्पित पूजा पंडाल एवं भव्य राम लक्ष्मण बजरंगबली की प्रतिमा में मां दिखाई दे रही हैं। जिसका उद्घाटन सयुंक्त रूप से सुरेश साहू, अलोक साहू के हाथों होना सुनिश्चित हुआ, सभी अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष शंकर दुबे एवं महामंत्री गोपाल पारीक द्वारा किया गया। उद्घाटन के वक्त सक्रिय रूप से महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह, राजकुमार गुप्ता,उदय साहू, तथा कोषाध्यक्ष संजय सिंह, प्रवक्ता नमन भारतीय,राजीव रंजन मिश्रा,मंटू चौबे, दीपू सिंह, राजेश वर्मा एवं संस्था के सभी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। पहले दूसरे तथा तीसरी मंगलवारी के सफल आयोजन के बाद अष्टमी मंगलवारी को संध्या 7:00 बजे से, भक्त साक्षात बजरंगबली के दर्शन कर सकेंगे, पवनपुत्र हनुमान आकर्षण का केंद्र,101 किलो शुद्ध घी से निर्मित लड्डू भोग, ढोल नगाड़े तथा अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन करते हुए भक्त महावीर चौक पहुंचेंगे। दिनांक 18-04-2024 दिन गुरुवार को दोपहर 03 बजे से विशाल विसर्जन शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

### कुसुम बिहार अंबिका अपार्टमेंट में हनुमान जी की मंदिर की स्थापना

(न्यूज12 भारत)

धनबाद |कुसुम विहार अंबिका अपार्टमेंट स्थित मारुति नंदन हनुमान जी की नवनिर्मित मंदिर की स्थापना सोमवार 15 अप्रैल को वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच आयोजित किया। इस अवसर पर चार दिवसीय मारुति नंदन हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा हवन और पूर्णाहुति श्रद्धालुओं के बीच आयोजित की गई।यज्ञ स्थल पर हवन एवं पूजन कर यजमान सहित श्रद्धालुओं ने बजरंगबली का ध्यान कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान 56 भोग लगाए गए।मौके पर महाभोग का भी आयोजन किया गया।इस औसत पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रागिनी सिंह कुसुम विहार स्थित यज्ञ स्थल पहुंची|

## ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स को समाजसेवा में उत्कृष्ट कार्य में मिला सम्मान



(न्यूज12 भारत)

धनबाद | ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स टीम को समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सामाजिक कार्य और लगातार समाज के प्रति कुछ अच्छा करने की कोशिश को देखते ह्यूमैनिटी टीम के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल एवं टीम को सर्वमंगला पब्लिक स्कूल में आयोजित समाजसेवी सम्मान समारोह में आमंत्रित कर डॉ. सर्वमंगला प्रसाद एवं सर्वमंगला ग्रुप के द्वारा सम्मानित किया गया।
जहाँ मोके पर सर्वमंगला पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष डॉ. हरदेव प्रसाद, चेयरमैन ई. महेंद्र प्रसाद, प्रिंसिपल डॉ. प्रभा सक्सेना, प्रबंधक प्रकाश कुमार, दिलीप कुमार, मृतुंजय कुमार मंडल, ह्यूमैनिटी टीम के केंद्रीय सदस्य जॉन स्मिथ, अमित रवानी, राकेश कुमार, भजन मंडल एवं अन्य मौजूद थे।

## ब्राह्मण समाज ने ददई दुबे को धनबाद से टिकट देने की मांग की

अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज की बैठक में लिया गया निर्णय

(न्यूज12 भारत)

धनबाद | अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज ने कांग्रेस से यह मांग की है कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए वह अपना प्रत्याशी चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे को ही बनाए।इस मांग का निर्णय संगठन ने न्यू मुरली नगर में सोमवार को आयोजित एक बैठक में ली।उन्होंने कहा की चंद्रशेखर दुबे एक ऐसे व्यक्तित्व रहे हैं जिन्होंने न केवल अपना समाज बल्कि पूरे संसदीय क्षेत्र की जन समस्याओं को सदन तक पहुंचाया था एक बार फिर मौका मिला है पार्टी वैसे क्रमठ नेता को ही धनबाद संसदीय क्षेत्र से अपनी उम्मीदवारी दे। बताया गया की धनबाद में 4,50,000 ब्राह्मणों का वोट है जो पूरी तरह से उनके पक्ष में जाएगा।
मौके पर दीनानाथ दुबे, विनय उपाध्याय, विकास ओझा, कैलाश दुबे, एस पाठक, मनोज मिश्रा ,सहदेव तिवारी, तपन ओझा, उत्तम चक्रवर्ती दिवाकर पाठक बीके झा राजदेव पांडेय, महादेव चक्रवर्ती तथा मधुसूदन चक्रवर्ती समेत अन्य शामिल थें।

## इंडिया गठबंधन की हुई प्रखंड स्तरीय भव्य रूप से सम्मेलन

(न्यूज12 भारत)



बेरमो | गोमियां साहु धर्मशाला में प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें माननीय अध्यक्ष, पिछड़ा आयोग सह लोकप्रिय पूर्व विधायक श्री योगेंद्र प्रसाद महतो, गिरिडीह से INDIA गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो, माननीय लोकप्रिय पूर्व विधायक श्रीमती बबीता देवी, सम्मानित जिलाध्यक्ष श्री हीरालाल मांझी, सचिव श्री जयनारायण महतो मुख्य रूप से उपस्थित हुए। इस बैठक में आगामी 21 अप्रैल को रांची में आहूत उलगुलान न्याय महारैली में गोमिया प्रखंड से भी बड़ी संख्या में जुटान करने एवं रैली को सफल बनाने पर चर्चा की गई। वहीं, गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी श्री मथुरा बाबू की जीत सुनिश्चित करने को भी रणनीति तय की गई। अध्यक्ष, पिछड़ा आयोग श्री महतो ने कहा कि समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ता ही झामुमो की ताकत हैं। यह सर्वविदित है कि केंद्र के इशारे पर विपक्षी नेताओं को जैसे तैसे आधारहीन मामले में फंसाकर जेल भेजने, डराने और धमकाने का अलोकतांत्रिक कार्य हो रहा है। हेमंत बाबू को भी आधारहीन मामले में फंसाकर जेल भेजा गया है। राज्य की जनता आक्रोशित है और भाजपा और इसके सहयोगियों को सबक सिखाने को तैयार है। उन्होंने हेमंत बाबू के मुख्यमंत्रित्व काल एवं वर्तमान चंपाई सरकार में गरीबों, वंचितों और सर्वजन के लिए धरातल पर उतरी ऐतिहासिक विकास योजनाओं को एक एक कर गिनाया और इस पुलिंदा के साथ कार्यकर्ताओं से गांवों में जाने की अपील की। वहीं, केंद्र की अलोकतांत्रिक और तानाशाही रवैए की पोल खोलने का भी आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरी ताकत के साथ गोमिया विधानसभा से पार्टी प्रत्याशी मथुरा जी को भारी मतों से लीड दिलाने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने एनडीए उम्मीदवार चंद्रप्रकाश चौधरी को लोकतंत्र का हत्यारा कहा और खूब निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चंद्रप्रकाश चौधरी ने अपने कार्यकाल में गिरिडीह की जनता को सिर्फ छलने का काम किया। क्षेत्र से नदारद रहे। आलम यह है कि भाजपा कार्यकर्ता भी विरोध कर रहे हैं। जनता तो उन्हें पहचानने से भी इंकार कर रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो के विपक्षी गोमिया से एक वोट का भी अधिकार नहीं रखते हैं। माननीय पूर्व विधायक श्री महतो ने कहा कि आजसू पार्टी के नेता जनसेवक नहीं हो सकते, ये लोग सिर्फ स्वार्थ पूर्ति के लिए राजनीति करते हैं। पार्टी प्रत्याशी मथुरा बाबू ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और कहा कि सभी पूरी मेहनत और लगन से काम करें। झामुमो का झंडा मजबूत करना है और षड्यंत्रकारियों को जवाब देना है।

# मध्य रेल – गौरवशाली 171 वर्षों की शानदार यात्रा

मुंबई | भारतीय रेल ने गौरवशाली 171 वर्ष पूर्ण कर लिए है। एशिया (और भारत) में पहली ट्रेन जो 16 अप्रैल, 1853 को मुंबई और ठाणे के बीच चली थी, को बोरीबंदर (वह स्थान जहां सीएसएमटी वर्तमान में खड़ा है) से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था जैसे-जैसे साल बीतते गए, ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे, जिसने प्रथम ट्रेन का परिचालन किया था का सं 1900 में इंडियन मिडलैंड रेलवे कंपनी में विलय हो गई और इसकी सीमाएं उत्तर में दिल्ली, उत्तर-पूर्व में कानपुर और इलाहाबाद और पूर्व में नागपुर से लेकर दक्षिण-पूर्व में रायचूर तक विस्तार दिया ।5 नवंबर 1951 को निज़ाम स्टेट, सिंधिया स्टेट और धौलपुर रेलवे को एकीकृत करके मध्य रेल का गठन किया गया था। वर्तमान में मध्य रेल अपने 5 मंडलों यानी मुंबई, भुसावल, नागपुर, सोलापुर और पुणे के साथ महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और कर्नाटक राज्यों में 4,275 रूट किमी से अधिक का विस्तृत नेटवर्क में फैला है। मध्य रेल 466 स्टेशनों के माध्यम से इन राज्यों को सेवा प्रदान कर रहा है।अप्रैल 1853 में पहली ट्रेन से लेकर भारत की अत्याधुनिक ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस तक, रेलवे ने गत 171 वर्षों में अपने रेल नेटवर्क का सफलतापूर्वक विशाल क्षेत्र तक विस्तार किया है। वर्तमान में मध्य रेल 6 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन कर रहा है ।

सीएसएमटी-साईंनगर शिर्डी, सी ए स ए म टी - सो ला पु र , सी ए स ए म टी - म ड गां व , सीएसएमटी-जालना, नागपुर-बिलासपुर और नागपुर-इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस |इस प्रकार मध्य रेल अनेक बेहतरीन उपलब्धियों के साथ निरंतर शीर्ष स्थान पर बना हुआ सफलता की ओर अग्रसर है। इनमें से कुछ उल्लेखनीय उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं : पहली शताब्दी एक्सप्रेस, पहली जन शताब्दी एक्सप्रेस, पहली तेजस एक्सप्रेस आदि। पंजाब मेल जैसी कुछ सबसे पुरानी ट्रेनों के 100 साल बाद भी चलने और अपने यात्रियों के बीच लोकप्रिय होने से इसने निश्चित रूप से एक लंबा सफर तय किया है।3 फरवरी 1925 को बॉम्बे वीटी और कुर्ला हार्बर के बीच भारत में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन सेवा के परिचालन से रेलवे और मुंबई की उपनगरीय सेवाओं के विद्युतीकरण की नींव पड़ी जो आज मुंबई शहर की जीवन रेखा के रूप में जानी जाती है।आज मध्य रेल ने 100% विद्युतीकरण हासिल कर लिया है और उपनगरीय नेटवर्क में भी लगातार वृद्धि हुई है। वर्तमान में मध्य रेल के पास पांच उपनगरीय कॉरीडोर हैं। 3 कोच से आरंभ हुई उपनगरीय सेवाएं धीरे-धीरे बढ़कर 9 कोच, 12 कोच और कुछ सेवाओं में 15 कोच तक पहुंच गई हैं। यात्रा को अधिक सुविधाजनक और आरामदायक बनाने के लिए वातानुकूलित (एसी) उपनगरीय सेवाएं भी शुरू की गई हैं।निर्माण के समय लोडिंग जो 16.58 मिलियन टन थी, अब वर्ष 2023-24 में बढ़कर 89.24 मिलियन टन हो गई है जो अब तक की सबसे उत्कृष्ठ लोडिंग है। इसके अलावा, नई रेलवे लाइनों का निर्माण, दोहरीकरण, पुलों का निर्माण, नए स्टेशनों का निर्माण आदि जैसे बुनियादी ढांचे का कार्य तेजी से किया जा रहा हैं, जिसमें इस वित्तीय वर्ष में हासिल किए गए 348 किलोमीटर के मल्टी-ट्रैकिंग कार्य की उच्चतम मात्रा शामिल है।नेरल-माथेरान लाइट रेलवे ने भी अपने गौरवशाली 117 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। नेरल-माथेरान रेलवे का निर्माण 1904 में शुरू हुआ और दो फीट गेज लाइन अंततः 1907 में यातायात के लिए खोल दी गई। एहतियात के तौर पर, यह लाइन मानसून के दौरान बंद रहती थी, हालांकि, अमन लॉज और माथेरान के बीच शटल सेवाएं दिनांक 29.09.2012 से शुरू की गईं जो मानसून में भी चलने के लिए सुरक्षित हैं । मध्य रेल ने अपने यात्रियों के लिए सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए इस खंड पर कई बुनियादी ढांचागत कार्य किए हैं और नेरल-माथेरान एनजी लाइन पर सेवाएं जो दिनांक 22.10.2022 से पुनः आरंभ हो गई हैं।1853 से लेकर वर्तमान समय तक, मध्य रेल सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने में सदैव अग्रणी रहा है और भविष्य में भी करता रहेगा तथा अपने सम्मानित यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है

## युवा महावीर मंडलने रामनवमी के उपलक्ष्य में श्रद्धालुओं के बीच 151 महावीर पताका का वितरण किया



(न्यूज12 भारत)

रांची | युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति (युवा महावीर मंडल) द्वारा रामनवमी के उपलक्ष्य में आज सप्तमी के अवसर पर रांची के अल्बर्ट एक्का चौक के पास अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल के नेतृत्व में महावीर पताका लोगो के बीच वितरण किया गया।शाम पांच बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न इलाकों के श्रद्धालुओं के बीच 151 महावीर पताका का वितरण किया गया। समिति के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि महावीर पताका प्राप्त करने से पहले श्रद्धालुओं ने उसे अपने माथे से लगाया और श्रद्धा भाव से जय श्री राम और बजरंग बली की जय के नारे लगाए और उनके चेहरों पर राम के प्रति आस्था और भक्ति का भाव स्पष्ट दिख रहा था। आज के पताका वितरण कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष नन्द किशोर सिंह चंदेल,विक्की कुमार,राजु काठपाल,बासु बेरा,रवि सिंह,विवेक कुमार,जिम्मी गुप्ता,मुकेश नायक,अनमोल सिंह,अरविंद कुमार,आलोक कुमार सिंह,शिल्पी कुमारी वर्मा,विनीता कुमारी,अमित रॉय,मंजुला बेरा,वीणा श्री,छाया वर्मा,रीता सेन,ममता वर्मा एवं सुनीता मेहता शामिल हुए।

# लालू यादव के लिए परिवार फर्स्ट : योगी आदित्यनाथ



(न्यूज12 भारत)

गया।नवादा यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवादा लोकसभा के हिसुआ विधानसभा क्षेत्र के अकबरपुर प्रखंड क्षेत्र के डीही आहर के मैदान में सोमवार को एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर के समर्थन में सभा की। उन्होंने कहा कि राजद से कोई उम्मीद मत कीजिए। वो सिर्फ परिवार की पार्टी है। लालू यादव को परिवार के आगे कुछ नहीं दिखता, परिवार के लोगों को टिकट देते हैं। विपक्ष ने केवल समस्याएं दीं, मोदी ने समाधान दिया है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस कभी राम मंदिर नहीं बनवा पाती। ना लोगों को मुफ्त राशन दे पाती।

योगी ने अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा। कहा कि लालू के एक परिवार वाले यूपी में भी हैं। हमने उन्हें बिल्कुल शांत कर दिया है। बीजेपी जो कहती है कर के दिखाती है। यही मोदी की गारंटी है। हमने एक तरफ भगवान राम के लिए भव्य मंदिर बनवाया, दूसरी तरफ अपराधियों और माफिया को राम नाम सत्य पर भेजने का काम किया है।योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और लालू परिवार पर जमकर निशाना साधा:-योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और लालू परिवार पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस और आरजेडी वाले राम मंदिर पर सवाल उठाते थे।

पहले काशी में 10 लोग एक साथ दर्शन नहीं कर पाते थे, लेकिन अब 5 लाख लोग आते हैं और कोई समस्या नहीं है। ये संभव हो पाया है मोदी जी के कारण। ये कांग्रेस और आरजेडी वाले पहले राम जी पर सवाल उठाते थे, कहते थे राम हैं ही नहीं। अब कहते हैं राम सबके हैं। इसलिए इनका भरोसा मत करना।दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा:-योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। भारत की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आतंकवाद पर लगाम लगी है। इन लोगों ने कश्मीर में हमारे जाने पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन उस कश्मीर को आजाद किया है हमारे पीएम ने। वहां से 370 को हटाया है।देश में नक्सलवाद की समस्या काफी कम हुई ।देश में नक्सलवाद की समस्या काफी कम हुई है, कुछ बचे- खुचे होंगे तो इस 5 साल में समाप्त हो जाएंगे। 60 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है। किसानों के लिए किसान सम्मान निधि योजना। 12 करोड़ लोगों के लिए शौचालय। 10 करोड़ महिलाओं के लिए उज्जवला योजना पहुंची है। हम यूपी की 80 सीटों के मनको की माला बनाकर मोदी जी को पहनाएंगे। योगी का नवादा पहली बार आने के कारण लोगों में काफी उत्साह था।

## मध्य रेल पर भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती मनाई गई

(न्यूज12 भारत)



मुंबई | मध्य रेल, छत्रपति शिवाजी टर्मिनस मुंबई में भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर की जयंती मनाई गई गयी।मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक श्री चित्तरंजन स्वैन ने डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया और महान पथ प्रदर्शक को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर विभागों के विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबंधक, मुंबई मंडल, मध्य रेल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी महान नेता को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## धनबाद वेटरन्स फुटबॉल एसोसिएशन ने बांग्ला नव वर्ष पर आयोजित किया बार पूजा



(न्यूज12 भारत)

धनबाद | बांग्ला नव वर्ष के शुभ अवसर पर हर साल की भांति इस बार भी जगजीवन नगर फुटबॉल ग्राउंड में बार पूजा व फुटबॉल पूजा संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम का आयोजन धनबाद वेटरन्स फुटबॉल एसोसिएशन के द्वारा किया गया। पूजा संपन्न होने के बाद एक प्रदर्शनी मैच पुलिस लाइन क्लब और सीएमआरआई डी नोबिली स्कूल के बीच रखा गया था। इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि डॉ. यू एस प्रसाद के द्वारा सभी खिलाड़ियों परिचय कराया गया। अतिथि के रूप में वेटरन्स फुटबॉल संघ के अध्यक्ष जुबेर आलम,महासचिव तारकनाथ दास,अनिल लाल, अनिल कुमार, धर्मेंद्र सिंह समेत जगजीवन नगर क्लब के सभी सदस्य उपस्थित थे।कार्यक्रम में बबलू बब्बन, सनी,रिकी, सतीश, अर्पित मनीष आलोक और साहिल सक्रिय थे।

## सम्राट अशोक जयंती समारोह 2024 की तैयारी पर समीक्षा बैठक हुई



- **अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज(भारत) आयोजित करेगी सम्राट अशोक जयंती 2024 सह 'सम्राट अशोक रत्न अवार्ड**

(न्यूज12 भारत)

पटना | महान सम्राट अशोक की 2368 वीं जयंती समारोह सह "सम्राट अशोक रत्न अवार्ड" कार्यक्रम की तैयारी को लेकर रविवार को अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज (भारत) के पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक गौतम बुद्ध विहार ,दरोगा राय पथ, पटना-1 में आयोजित हुई। बैठक में कार्यक्रम की चर्चा की गई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि कुशवाहा ने कहा की 2009 से लगातार सम्राट अशोक की जयंती समारोह आयोजित कर रहे है।इस अवसर पर बिहार के विभिन्न जिले से आए हुए लोग जो समाज सेवा,शिक्षा, चिकित्सा ,अनुसंधान,कृषि एवं अन्य में विशेष योगदान रखने वाले को " सम्राट अशोक रत्न अवार्ड" से सम्मानित किया जाएगा।आयोजित समारोह में उनकी नीतियों और सिद्धांतों पर बातचीत होगी साथ ही विश्व को उन्होंने जो दर्शन दिया था उस पर चर्चा की जाएगी।हरिओम कुशवाहा ने बताया कि समारोह में प्रदेश भर से बड़ी तादाद में लोग हिस्सा लेंगे।इस मौके पर श्रीनाथ सिंह बौद्ध,डॉ कमल प्रसाद बौद्ध, राष्ट्रीय सलाहकार डॉ. मुकेश कुमार समेत संगठन के पदाधिकारी मौजूद थे।

## डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर के नेतृत्व में झरिया के लगभग 50 बूथों में निकली गई मतदाता जागरूकता रैली




(न्यूज12 भारत)

धनबाद | अखिल भारतीय किन्नर समाज, झारखंड प्रदेश एवं डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर के नेतृत्व में मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शत् प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के ध्येय को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली कम मतदान प्रतिशत वाले 41 झरिया के वार्ड नंबर 36, 43, 44 एवं 45 में पड़ने वाले लगभग 50 बूथों से गुजरते हुए वहां के मतदाताओं को 25 मई को धनबाद लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करने हेतु प्रेरित किया। रैली के दौरान डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर ने आम मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। मौके पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, झरिया अंचलाधिकारी श्री सुमन प्रसाद, अखिल भारतीय किन्नर समाज झारखंड प्रदेश के सभी प्रतिनिधि, जिला आइकॉन श्वेता किन्नर समेत आम नागरिक मौजूद रहे।

## विदेशी शराब क़े कारोबार में लिप्त 40पीस शराब क़े साथ एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल



(न्यूज12 भारत)

मांडर | मांडर पुलिस ने घर में रखकर विदेशी शराब क़े कारोबार में लिप्त बिसहाखटंगा निवासी अमर साहु को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चलें कि मांडर पुलिस को पता चला कि अमर साहु घर में रखकर विदेशी शराब की धड़ल्ले से बिक्री किया करता है जिसकी जानकारी आला अधिकारियों को देने क़े बाद टीम गठित कर अमर साहु पिता विश्वनाथ साहु के घर तलासी ली गईं जहां पुलिस को अवैध शराब बरामद हुआ।

बरामद शराब में 15पीस रॉयल स्टेज 375एमएल की 15, स्ट्रेलिंग रिजर्व 375 एमएल 7पीस, मैक डुवेल न.1- 375 एमएल 4पीस और 180एमएल रॉयल स्टेज 14 पीस बरामद हुआ।

पुलिस ने मौके पर अमर साहु को गिरफ्तार भी कर लिया। थाना प्रभारी राहुल ने बताया कि छापामारी दल में सहायक अवर निरिक्षक़ योगेन्द्र सिंह, महिला आरक्षी राजकुमारी उराँव, हवलदार शिव राम महतो, आरक्षी नंदकुमार राम तथा चौकीदार राजकुमार लोहरा शामिल थे। आरोपी को विधिवत कार्रवाई क़े बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## लोकसभा चुनाव एवं गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर बनी रणनीति

(न्यूज12 भारत)



रांची | भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के बीच लोकसभा चुनावों में राज्य की सभी 14 सीटों एवं गांडेय उपचुनाव पर जीत सुनिश्चित करने की रणनीति को लेकर चर्चा हुई। इस मुलाकात और चर्चा में आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने चुनावों के सभी पहलु पर बेहतर तरीके से अपना पक्ष रखा। और समीकरणों को अपने पक्ष में करने के अपने अनुभव बताए।

चर्चा के दौरान सहमति बनी कि चुनावों को लेकर दोनों दलों का संयुक्त निर्णय सामने आएगा।साथ ही समन्वय स्थापित कर मजबूती से चुनाव लड़ा जाएगा। और एनडीए की जीत तय करने के लिए साझा रणनीति और कार्यक्रमों के साथ चुनावी मुहिम तेज की जाएगी। सभी बातों को केंद्र में रखकर दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि अबकी बार 400 पार के संकल्प को साकार करना ही मूल लक्ष्य है।

## गिरिडीह से निर्दलीय प्रत्याशी होगी डॉ ऊषा सिंह

(न्यूज12 भारत)



बेरमो | बेरमो कोयलांचल की समाज सेविका एवं जनता के लोकप्रिय डॉक्टर उषा सिंह गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेगी। डॉ श्रीमती सिंह ने चार दिनों पूर्व ही 9 अप्रैल को भाजपा से इस्तीफा दी है। जो बेरमो कोईलांचल में चर्चा का विषय बना हुआ है। श्रीमती सिंह ने कही की मैं पूरे गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र का दौरा सघन रूप से कर रही हूं पूरे संसदीय क्षेत्र का विकास नहीं हो पाने से जनता ठगी सी महसूस कर रही है मैं जनता के आदेश पर चुनाव लड़ने का ठोस कदम उठाया है। मेरे द्वारा लंबे समय से जन सेवा समाज सेवा से जुड़े रहने के कारण मेरे चुनाव लड़ने की सूचना से ही मुझे जनता का भारी स्नेह प्यार मिलने लगा है। श्रीमती सिंह ने कहीं कि मुझे इस चुनाव मे सुशासन दल का भी भरपूर समर्थन मिलेगा। सुशासन दल के सुप्रीमो रामकिंकर पांडे का आश्वासन मिला है।

# शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्णः लक्ष्मीकांत


- **पन्ना प्रमुख अपने 60 मतदाताओं से संवाद स्थापित कर ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में मतदान के लिये प्रेरित करें :लक्ष्मीकांत वाजपेयी।**
- **सभी बूथों पर मतदान % बढ़ाने की जिम्मेवारी स्थानीय कार्यकर्ताओं कीः कर्मवीर सिंह।**
- **प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं को पार्टी के लिये 370 वोट बढ़ाने के लक्ष्य के साथ काम करना है :कर्मवीर सिंह।**

(न्यूज12 भारत)



रांची | आज भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्षों की बैठक प्रदेश भाजपा कार्यालय सभागार में 12:15 बजे से आयोजित की गई। बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 में किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं के आगामी भूमिका पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहु ने की। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा संगठन प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अब शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा के कार्यकर्ता शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं से जुड़कर घर-घर जाने का काम करें एवं मतदाताओं से मोदी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुये पार्टी के पक्ष में मतदान का आग्रह करें। आगे उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि पन्ना प्रमुख अपने पन्ना अंतर्गत आने वाले 60 मतदाताओं से संवाद स्थापित कर उनमें से ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिये प्रेरित करें। वहीं क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने भी सभी से स्थानीय स्तर पर संपर्क संवाद बढ़ाने की बात कही एवं तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनाने में सभी को अपना योगदान देने की बात कही।

## निर्दलीय प्रत्याशी डॉ उषा सिंह को सुशासन दल का पूर्ण समर्थन : रामकिंकर पांडे




(न्यूज12 भारत)

बेरमो | सुशासन दल के सुप्रीमो बेरमो कोयलांचल की धरती पर प्रेस बंधुओ को संबोधित करते हुए कहा कि गिरिडीह लोकसभा में लंबे समय से अच्छे संसद की कमी जनता को खल रही है। नवरात्र में आदिशक्ति की आराधना हम सभी करते हैं ऐसे में क्षेत्र की जनता के लिए नारी शक्ति का सामने आना बहुत ही शुभ है। श्री पांडे ने कहा कि झारखंड के गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में डॉ उषा सिंह से बेहतर प्रत्याशी कोई नहीं है। डॉ सिंह प्रख्यात चिकित्सा समाजसेवी जुझारू एवं जनता के लोकप्रिय नेता है।

गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के कोने-कोने से जुड़ी हुई है। यदि जनता संसद बनाकर सदन में भेजती है तो क्षेत्र का सर्वांगीण विकास के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण में भरपूर योगदान देगी। श्री पांडे ने कहा कि श्रीमती उषा सिंह के चुनाव लड़ने को लेकर पूरा क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। तथा सुशासन दल श्रीमती उषा सिंह को चुनाव में भरपूर सहयोग करेगा।

# लोकसभा आम निर्वाचन सफल आयोजन के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

(न्यूज12 भारत)

गया। लोकसभा आम निर्वाचन के अवसर पर स्वच्छ, निष्पक्ष एव शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने तथा मतदान की तिथि को आवधिक प्रतिवेदन संकलन एव ससमय प्रेषण करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर कम्युनिकेशन टीम एव ज़िला नियंत्रण कक्ष की स्थापना समाहरणालय सभागार में बनाया गया है। ताकि चुनाव के दिन किसी प्रकार का कोई दिक्कत नही हो सके। नियंत्रण कक्ष में वरीय नोडल पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, पर्यवेक्षकीये पदाधिकारी एव कर्मियों की प्रतिनियुक्त की गई है। नियंत्रण कक्ष 16 अप्रैल के 10 बजे सुबह से 20 अप्रैल को कार्य समाप्ति तक कार्यरत रहेगा।



ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी सह ज़िला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने बताया कि प्रथम फेज 19 अप्रैल को गया संसदीय क्षेत्र एव औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र अंतर्गत गया ज़िला के 9 विधानसभा में चुनाव होना है। गुरुआ, इमामगंज, टिकारी, शेरघाटी, बाराचट्टी एव बोधगया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में सुबह 07 बजे से शाम 04 बजे तक मतदान होगा। इसके अलावा गया शहर, बेलागंज एव वजीरगंज विधानसभा क्षेत्र में सुबह 07 बजे से शाम 06 बजे तक मतदान होगा।नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों को कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग पंजी संधारित किया जाना है।

शिकायत निवारण आम जनता, मतदाताओं एवं अन्य माध्यमों द्वारा प्राप्त शिकायत को शिकायत पंजी में दर्ज किया जाना एवं सूचना देने वाले व्यक्तियों का पता एवं मोबाइल नंबर भी अंकित किया जाना है। मतदान कर्मियों से प्राप्त शिकायतों को भी पंजी में दर्ज करना और उसकी आलोक में आवश्यक कार्रवाई किया जाना है। 16 अप्रैल से ही नियंत्रण कक्ष से पोलिंग पार्टी के योगदान की स्थिति, पार्टी का गठन, सामग्री प्राप्त करने की स्थिति एवं प्राप्ति कर लेने की स्थिति, पुलिस पदाधिकारी की योगदान की स्थिति एवं उनके वाहन टैग की स्थिति, पोलिंग पार्टी उनके क्लस्टर सेंटर मतदान केंद्र पर पहुंचने की स्थिति प्राप्त करेंगे एवं इससे संबंधित पंजी में दर्ज करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारी को सूचना उपलब्ध कराएंगे। 19 अप्रैल को शाम 5:00 बजे से सभी मतदान दलों के मतदान केंद्र पर उपस्थित रहने एवं ईवीएम मशीन एवं मॉक पोल के संबंध में सूचना भी संकलित करेंगे। 19 अप्रैल को सुबह 7:00 से सभी मतदान केंद्रों पर मतदान प्रारंभ होने की सूचना का संकलन भी करना होगा। ईवीएम मशीन के अकार्यरत एवं खराब होने पर इसको बदलने हेतु सेक्टर एव जोनल दंडाधिकारी इत्यादि को सूचना हर हाल में उपलब्ध कराना होगा जिला पदाधिकारी ने बताया कि सभी नौ विधानसभा के लिए 3-3 हंटिंग लाइन की व्यवस्था की गई है।

## एतिहासिक रैली को सफल बनाने के लिए रथ को किया गया रवाना,पत्रकारो को दुर एवं पुराने वैश्य कार्यकरता की अनदेखी




(न्यूज12 भारत)

गया (बिहार )- देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी गया के ऐतिहासिक गांधी मैदान में 16अप्रैल को चुनावी जन सभा को संबोधित करने के लिए आगमन हो रहा है .इस आगमन की सफलता के लिए कार्यक्रम प्रभारी सह पंचायती राज संयोजक ओम प्रकाश भुवन एवं जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू सिंह के 43 मंडल में मोदी जी का सभा में शामिल होने के लिए रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है .इस अवसर पर संयुक्त रूप से बतलाया कि यह रैली ऐतिहासिक होगी .मोदी जी अपने ओजस्वी संबोधन से कार्यकर्ताओ एवं मतदाताओं को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए संकल्प लिया जायेगा. इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, रंजन कुमार सिंह, ,अजय गुप्ता, गोपाल पटवा , शशि सिन्हा, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर शामिल रहे. उक्त जानकारी भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कही |

## प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है : डा मनीष पंकज मिश्रा



(न्यूज12 भारत)

गया | शहर के गांधी मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 अप्रैल को चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।इसे लेकर प्रशासनिक तैयारी जोरों पर है।अधिकारी लगातार गांधी मैदान का जायजा ले रहे हैं।वहीं गांधी मैदान में विशाल पंडाल बनाया जा रहा है, साथ ही विशाल मंच का भी निर्माण कराया जा रहा है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे. गांधी मैदान के चारों तरफ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं सुरक्षा को लेकर कड़े प्रबंध किए गए हैं।प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह है. इस संबंध में भाजपा किसान मोर्चा के प्रभारी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गया की धरती पर आ रहे हैं. कार्यकर्ताओं के साथ-साथ गया वासी उनका जोरदार स्वागत करेंगे।उन्होंने जो नारा दिया है 400 का पर वह सच्चा साबित होगा।इसके अलावा बिहार की सभी 40 सीटों पर एनडीए का कब्जा होगा। गया संसदीय सीट से एनडीए के उम्मीदवार जीतन राम मांझी की जीत के लिए लगातार हमलोग जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। जीतन राम मांझी की सर्वाधिक वोटो से जीत सुनिश्चित होग।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के द्वारा भारतरत्न से सम्मानित बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के 133वी जयंती मनाई गई



(न्यूज12 भारत)

गया।महान शिक्षा कानूनविंद भारतरत्न से सम्मानित बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के 133 वी जयंती पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा बाबा साहब के तैल चित्र पर पुष्प माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया इस अवसर पर डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि बाबा साहब एक साधारण परिवार में जन्म लेकर भारत के धरती पर ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अपनी परचम लहराते हुए भारत का नाम रोशन किया है ।इस कृतज्ञ को याद करते हुए भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित किया गया है।आज ऐसे महान विभूति को नमन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

इस अवसर पर राणा रंजीत सिंह, भाजपा उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, सुनील बंबइया,वार्ड पार्षद सारिका वर्मा,अभिषेक कुमार, कार्यालय प्रभारी पप्पू सिंह, पूनम देवी, सोनम देवी, शर्मिला देवी, पूजा देवी, इंदु देवी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया है।

## बाबा साहब के सपनों को साकार करते हुए नए भारत के निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित करें : विभागाध्यक्ष

(न्यूज12 भारत)

गया।गया कॉलेज, गया में प्राचार्य डा सतीश सिंह चंद्र के दिशानिर्देश पर भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जन्म जयंती के अवसर पर प्रशासकीय भवन के प्रांगण में स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की ओर से माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए हैं।

इस अवसर पर गया कॉलेज, गया के उप प्राचार्य सह बायोटेक्नोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहब बचपन से ही विलक्षण एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे।

उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के महू में हुआ था। राजनीति विज्ञान एवं अर्थशास्त्र में स्नातक होने के साथ-साथ उच्च शिक्षा के लिए बाबा साहब ने विदेश की यात्रा की और स्वदेश वापस लौट कर उन्होंने भारतीय राजनीति में भी अपनी सक्रियता दिखाएं है।



संविधान सभा में सम्मिलित होने के उपरांत डॉक्टर अंबेडकर को संविधान के प्रारूप समिति का अध्यक्ष भी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी प्रासंगिक है। बाबा साहब किसी भी जाति धर्म और संप्रदाय के बंधनों से ऊपर थे । देश के युवाओं से मैं अपील करता हूं कि वे बाबा साहब के सपनों को साकार करते हुए नए भारत के निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित करें ।

इस बात की जानकारी देते हुए शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डा० धनंजय धीरज ने बताया कि मौके पर मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ रामदेव प्रसाद, बरसर आदर्श गुप्ता, महाविद्यालय के प्रधान लिपिक एवं कर्मचारी संघ के सचिव संतोष कुमार सिंह, छात्र प्रतिनिधि सूरज सिंह, विनायक कुमार, हर्ष कुमार कर्मचारी नीरज कुमार, प्रकाश राज सहित गुरारू और परैया के प्रखंड विकास पधाधिकारी साथ साथ अन्य शिक्षकेतर कर्मचारी एवं विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकित विद्यार्थी उपस्थित थे।

## अब्दुल रहीम मेमोरियल फुटबॉल अकैडमी टीम भाग लेने के लिए हुई रवाना



(न्यूज12 भारत)

गया | अब्दुल रहीम मेमोरियल फुटबॉल अकैडमी की अंदर 13 आयु वर्ग के 15 सदस्ये खिलाड़ियों की टीम सिवान जिला में होने वाले बिहार यूथ लीग फुटबाल मैच में भाग लेने के लिए गया से रवाना हुईं । टीम में आरव आर्य, शिवम् पटेल, शिवराज कुमार, अंश कादरी, हमदान इमाम खान, अहान आर्या, पीयूष रंजन, जफर इमाम, फरहान मलिक, आदर्श राज, अंकित कुमार, अरीब अहमद, नूरैन अहमद, सादिक खान, निशांत कुमार है एवं टीम के मैनेजर सद्दाम हुसैन और सहायक कोच अब्दुल्ला टीम कर लेकर टीम को लेकर सिवान के लिए रवाना हुए हैं । इस मौके पर अब्दुल रहीम मेमोरियल फुटबॉल अकादमी के फाऊंडर मोहम्मद आफाक अंसारी, सचिव उमर अंसारी और संयुक्त सचिव मोहम्मद खुर्शीद आलम ने खिलाड़ियों को टी–शर्ट और ट्राउजर एवं टीम की जर्सी देकर रवाना किया गया |

## मगधवासियों से आवाहन किया है कि ऐतिहासिक रैली में देश केप्रधानमंत्री के संबोधन को सुनकर लाभ उठाएं : डा प्रेम कुमार

(न्यूज12 भारत)

गया।बिहार सरकार के सहकारिता सह पर्यावरण मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी की होने वाली चुनावी सभा स्थल गांधी मैदान का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। डॉ कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विजय सिन्हा, केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस की गरिमामाई उपस्थिति रहेगी।

डॉ कुमार ने बताया है इस चुनावी सभा को सफल बनाने के लिए एनडीए बीजेपी के द्वारा 24 टीम बनाई गई है और इस टीम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के मंत्री रत्नेश कुशवाहा, पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ओमप्रकाश भुवन, लोकसभा प्रभारी सीडी शर्मा, जिला प्रभारी राजेश कुशवाहा, जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू, महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी,, पूर्व जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा , वरिष्ठ नेता सुनील सिन्हा, वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश रौनक सेठ, प्रेम सागर, दीपक दीपू, मनोज सिन्हा समेत दर्जनों कार्यकर्ता लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

डॉ कुमार ने बताया जिले के 24 प्रखंड 10 विधानसभा से बड़ी संख्या में एनडीए के नेता, कार्यकर्ता एवं आम नागरिक मौजूद रहेंगे। यह रैली ऐतिहासिक होगी और माननीय प्रधानमंत्री के भाषण को सुनने का मगधवासियों को शुभ अवसर मिलेगा। डॉ कुमार ने मगधवासियों से आवाहन किया है कि इस ऐतिहासिक रैली में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के संबोधन को सुनकर लाभ उठाएं।

## सरिया में मतदाता साक्षरता क्लब के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया

सरिया | सरिया कॉलेज सरिया में मतदाता साक्षरता क्लब के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ संतोष कुमार लाल ने की । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे सरिया के अंचलाधिकारी संतोष कुमार उपस्थित थे। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार है ।अपने मताधिकार का उपयोग एक अच्छे प्रत्याशी को चुनने के लिए जरूर करें। जिन विद्यार्थियों का अब तक मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं हो सका है, वे अपने निकटवर्ती बी एल ओ से संपर्क कर अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने कहा निर्वाचन आयोग मतदान प्रतिशत 80% से ऊपर कराना लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## जनता के सामने अपनी अकूत बेनामी संपत्ति का हिसाब दें तेजस्वी : प्रभाकर

**तेजस्वी को स्वीकार करना होगा कि वे बिहार के सबसे बड़े भ्रष्टाचारी परिवार के सबसे भ्रष्ट उत्तराधिकारी हैं**

(न्यूज12 भारत)

गया।भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने तेजस्वी यादव से सवालिया लहजे में कहा कि तेजस्वी को बिहार की जनता के सामने जवाब देना चाहिए कि क्या सीबीआई ने उन पर एवं सात अन्य लोगों पर क्रिमिनल कॉन्सपेरेसी, चीटिंग एवं क्रिमिनल मिसकंडक्ट




का मामला दर्ज नहीं किया है ? मिश्र ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर तेजस्वी से पूछा कि क्या है सही नहीं है कि महज 29 साल की उम्र में 5 मकान, 47 जमीन सहित कुल 52 संपत्ति के मालिक तेजस्वी यादव के खिलाफ बेनामी संपत्ति के आरोप में सीबीआई ने जब प्राथमिकी दर्ज की, ईडी और आईटी ने शिकंजा कसा, तो बचने के लिए बहाना बनाते हैं कि ये सारी संपत्ति तो तब की है जब जब वह नाबालिग थे। क्या यह हकीकत नहीं है कि कुल 52 संपत्तियों में से भ्रष्टाचारजनित 14 सम्पत्तियों के मालिक वे तब बने, जब वे या तो दुधमुँहे बच्चे थे या कक्षा 8-9 में पढ़ाई कर रहे थे। क्या यह सच नहीं है कि 23 संपत्तियों के मालिक वे उस समय बने, जब वे 24 वर्ष की उम्र के थे। क्या आपकी कुल 52 में से 23 संपत्तियों को आयकर विभाग, सीबीआई ने बेनामी घोषित कर औपबंधिक रूप से जब्त नहीं कर लिया था?

## मगध आयुक्त द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य संबंधित रंगोली का अवलोकन




(न्यूज12 भारत)

गया। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर आयुक्त, मगध प्रमंडल, गया मयंक वरवड़े द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आयुक्त कार्यालय में बीएड के छात्र,छात्राओं को मतदान हेतु शपथ दिलाया गया है। इसके साथ ही मतदाता जागरूकता से संबंधित रंगोली का अवलोकन किया गया है। गया जिले में "चुनाव का पर्व, देश का गर्व" के तहत कार्यालय परिसर में बीएड अध्यरत्न विद्यार्थियों के द्वारा तख्ती प्रदर्शन कर नए वोटर सहित सभी मतदाता को जागरूक किया गया है। इसके साथ ही वहां बने सेल्फी प्वाइंट पर आयुक्त के साथ साथ जिला स्वीप आइकॉन अनूप कुमार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी दीपक चंद्र देव, नोडल पदाधिकारी स्वीप सह डीपीओ आईसीडीएस भारती प्रियम्बदा सहित अन्य संबधित पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर लोगों को 19 अप्रैल को मतदान देने हेतु जागरूक किया गया है। आयुक्त द्वारा पूरे ज़िलावासियों से वोट करने की अपील किया गया।

# इस वर्ष कि शोभा यात्रा में शामिल होगे तीन लाख से जादा रामभक्त

(न्यूज12 भारत)

गया।श्रीरामनवमी पूजा सेन्ट्रल कमिटि कि बैठक आज धर्म सभा भवन में आयोजित कि गई है। इस बैठक में गयाजी के सभी झंडा प्रभारी शामिल हुए व झंडा समिति के अध्यक्ष शामिल हुए।कार्याध्यक्ष क्षितिज मोहन सिंह ने कहां कि देश के कई राज्य के हिंदू कलाकार इस बार शोभा यात्रा की शोभा बढ़ाएँगे. वहीं जनसंपर्क के माध्यम से सभी राम भक्तो से सम्पर्क किया जा रहा है शोभायात्रा में शामिल होने के लिए इस साल तीन लाख से जादा राम भक्त यात्रा में भाग लेगें! वही इस वर्ष 10 से अधिक झंडा समितीयों




में हजारों हजार महिला पहली बार शामिल होगी! सभी महिला परम्परीक पोषक में शामिल होगी, पूरे गया शहर में भगवा झंडों से सजाया जा रहा है! वही राम भक्तो के स्वागत में एक हजार से अधिक राम भक्त पीने का पानी व विभिन्न व्यंजन के साथ स्वागत करेंगे। इस वर्ष राम आयेगे तो अंगना सजायेगें गाने के साथ शोभा यात्रा का आयोजन होगा।

संगठन महामंत्री ओमप्रकाश सिंह ने कहां कि हर साल कि भाति इस बार भी पुरे परम्परीक तरीके से शोभा यात्रा निकाली जायेगी! प्रशासन के साथ हुई बैठक में लिए गए निर्णय को सभी के समक्ष रखा गया है! वही इस शोभा यात्रा में कोई भी समस्या प्रशासन कि ओर से ना हो उसके लिए प्रशासन से निरंतर वार्ता चल रही हैं।शोभा यात्रा के मार्गो को चिन्हित कर लिया गया है वही जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व नगर निगम को शोभा यात्रा में आ रही सारी समस्याओ से अवगत करा दिया गया है और उसे दूर करने के लिए बोला गया है। बैठक में यह भी बिन्दू आया है कि लाईसेंस के लिए दिए जा रहें आवेदन का रिसिविंग थाना दें।

## काराकाट की जनता एवं महिला दे पवन सिंह को मत- महिला विकास मच

(न्यूज12 भारत)



गया। महिला विकास मच पुरी टीम क रा का ट लो क स भा चुनाव में प्रसिद्ध गायक पवन सिंह के चुनाव में प्रचार या जनसम्पर्क करेगी,कराकट चुनाव में पवन सिंह के खबर पाती ही महिला विकास मच राष्ट्रीय संयोजक वीणा मानवी ने कहा कि पवन सिंह अलग है सभी प्रकार के नेताओ से अलग है सभी कराकट की जनता से निवेदन करती हु की पवन सिंह को हर लोग मतदान करे जिससे महिला की बात और महिलाओं को और योजना को हर महिला तक सिधे पहुचे इसकी आवाज बनेंगे,वही अरुणीमा ने कहा कि पवन सिंह के आने से बिहार के साथ पुरे देश के लोगों को गरिबो के आवाज बनेंगे पवन सिंह वही मिडिया प्रभारी धीरज गु ने कहा कि पवन सिंह भोजपुरी आवाज के साथ पुरे पुर्वांचल के साथ हर बिहारी की मान सान का आवाज़ और महिलाओं की रक्षा आम गरिबो की आवाज़ बनेगे पवन सिंह। इसलिए सभी कराकाट के सभी समाज पवन सिंह के मा के सपनै को पुरा करे धीरज गुप्ता।